**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-28 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 28 | (क) क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड महोली के ग्राम पंचायत कुवंरपुर लच्छा के ग्राम मढिया में सुरेश के मकान से हरिलाल के मकान तक की दूरी जो लगभग 100 मी0 है, का मार्ग अत्यन्त खराब है जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों को बहुत अधिक समस्या होती है? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड महोली के ग्राम पंचायत कुवंरपुर लच्छा के ग्राम मढिया में सुरेश के मकान से हरिलाल के मकान तक की दूरी लगभग 110 मी0 है । उक्त मार्ग पर लगभग 40 मीटर लम्बाई में खड़ण्जा लगा हुआ है तथा शेष 70 मीटर मार्ग कच्चा है। |
| | (ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इंटरलाकिंग का कार्य करायेंगे ? | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में नव निर्माण/ अनुरक्षण हेतु कोई विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| | (ग) यदि हॉं, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।